# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 30.3.24 | 2 | 5-8 |

# देश को विकसित बनाने में युवाओं की होगी अहम भूमिका : प्रो. बीआर काम्बोज

जागरण संवाददाता, हिसार : भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए हर विद्यार्थी अपने स्तर पर कार्य करें और खुद को व परिवार को सक्षम बनाए। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने व्यक्त किए। वे छात्र कल्याण निदेशालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'युवा संवाद-इंडिया 2047' को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।



मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

## एक शाम बलिदानियों के नाम

डा. संध्या शर्मा ने बताया कि छात्र कल्याण निदेशालय के संगीत एवं नाटक क्लब द्वारा एक शाम बलिदानियों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशांत, कनकलता, कोमल दहिया, पवन तथा मानसी सहित अनेक विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता, गीत तथा भंगड़ा की प्रस्तुतियां दी।

प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी हैं। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के लिए पांच चरण भी बताए। इनमें विकसित भारत का लक्ष्य एवं संकल्प रखते हुए कार्य करें, दासता के सभी निशान मिटाएं, विरासत पर गर्व करें, आपस में एकता व भाईचारे को बढ़ाएं तथा प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करे शामिल हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपना भविष्य उज्जवल बनाने तथा प्रत्येक प्लेटफार्म पर अग्रणी स्थान हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इसके साथ-साथ निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुशासन एवं समय का सदुपयोग भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का बोध होना भी चाहिए ताकि हम समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेवारियों से भी अवगत करवाया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा ने कहा कि उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच के साथ सतत प्रयास करने होंगे।

छात्र कल्याण निदेशक डा. एमएल खीचड़ ने एनएसएस इकाई द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डा. भगत सिंह ने सभी का धन्यवाद करते हुए एनएसएस द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यक्रमों बारे बताया। कुलपति ने एनएसएस इकाई द्वारा युवा संवाद के तहत आयोजित की गई निबंध लेखन प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय की पिंकी, नमन व जिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अमर उजाला | 30.3.24 | 5 | 1-5 |

# विकसित भारत के लिए विरासत पर गर्व करें, एकता को बढ़ाएं : कुलपति कांबोज

## एचएयू की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'युवा संवाद-इंडिया 2047' आयोजित

माई सिटी रिपोर्टर



मुख्यातिथि प्रो. बीआर कांबोज दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए। स्रोत संस्थान

हिसार। भारत को वर्ष-2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी अपने स्तर पर कार्य करे और खुद को व परिवार को सक्षम बनाए। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने व्यक्त किए। वे छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'युवा संवाद-इंडिया 2047' को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

प्रो. कांबोज ने कहा कि विकसित भारत के लिए 5 चरण भी बताए। जिनमें विकसित भारत का लक्ष्य एवं संकल्प रखते हुए कार्य करें, दास्तां के सभी निशान मिटाएं, विरासत पर गर्व करें, आपस में एकता व भाईचारे को बढ़ाएं तथा प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करे शामिल हैं। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुशासन एवं समय का सदुपयोग भी अनिवार्य है। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का बोध होना भी चाहिए।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए छह सूत्र भी बताए। जिनमें पहला खुद के लक्ष्य के प्रति एकाग्र होना, दूसरा स्वीकार करना, तीसरा कर्तव्यनिष्ठता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना, चौथा अपने उद्देश्यों को निर्धारित करके उस पर कार्य करना, पांचवां अपने नैतिक कर्तव्यों का बोध होना तथा छठा हर स्थिति में अपने सिद्धांतों पर अडिग रहना है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एमएल खिच्चड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए एनएसएस इकाई द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना अवॉर्डी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय की पिंकी, नमन व जिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

डॉ. संध्या शर्मा ने बताया कि छात्र कल्याण निदेशालय के संगीत एवं नाटक क्लब द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशांत, कनकलता, कोमल दहिया, पवन तथा मानसी सहित अनेक विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता, गीत तथा भंगड़ा की प्रस्तुतियां दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 30.3.24 | | |

### एचएयू की एनएसएस इकाई के 'युवा संवाद-इंडिया 2047' कार्यक्रम में कुलपति ने किया संबोधन

## देश को विकसित बनाने में युवाओं की अहम भूमिका

भास्कर न्यूज | हिसार

भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी अपने स्तर पर कार्य करें और खुद को व परिवार को सक्षम बनाए।

ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'युवा संवाद-इंडिया 2047' को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के लिए 5 चरण भी बताए जिनमें विकसित भारत का लक्ष्य एवं संकल्प रखते हुए कार्य करें, दास्ता के सभी निशान मिटाएं, विरासत पर गर्व करें, आपस में एकता व भाईचारे को बढ़ाएं तथा प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करे शामिल हैं।

कृषि कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच के साथ सतत प्रयास करने होंगे।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए एनएसएस इकाई द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। कुलपति ने एनएसएस इकाई द्वारा युवा संवाद के तहत आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में कृषि कॉलेज की पिंकी, नमन व जिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।



हिसार | मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

### एक शाम शहीदों के नाम... सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

डॉ. संध्या शर्मा ने बताया कि छात्र कल्याण निदेशालय के संगीत एवं नाटक क्लब द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशांत, कनकलता, कोमल दहिया, पवन तथा मानसी सहित अनेक विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता, गीत तथा भंगड़ा की प्रस्तुतियां दीं।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 30.3.24 | 12 | 2-5 |

### युवा संवाद-इंडिया 2047 कार्यक्रम आयोजित

# देश को विकसित बनाने में युवाओं की होगी अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

**विद्यार्थियों से अपना भविष्य उज्जवल बनाने तथा प्रत्येक प्लेटफार्म पर अग्रणी स्थान हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया।**



हिसार। दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज। फोटोः हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी अपने स्तर पर कार्य करें और खुद को व परिवार को सक्षम बनाए। कुलपति प्रो. काम्बोज शुक्रवार को छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम युवा संवाद-इंडिया 2047 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के लिए पांच चरण भी बताए जिनमें विकसित भारत का लक्ष्य एवं संकल्प रखते हुए कार्य करें, दास्ता के सभी निशान मिटाएं, विरासत पर गर्व करें, आपस में एकता व भाईचारे को बढ़ाएं तथा प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करे शामिल हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपना भविष्य उज्जवल बनाने तथा प्रत्येक प्लेटफार्म पर अग्रणी स्थान हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इसके साथ-साथ निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुशासन एवं समय का सदुपयोग भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का बोध होना भी चाहिए ताकि हम समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेवारियों से भी अवगत करवाया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच के साथ सतत प्रयास करने होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए छह सूत्र भी बताए, जिनमें पहला खुद के लक्ष्य के प्रति एकाग्र होना, दूसरा स्वीकार करना, तीसरा कर्तव्यनिष्ठता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करना, चौथा अपने उद्देश्यों को निर्धारित करके उस पर कार्य करना, पांचवा अपने नैतिक कर्तव्यों का बोध होना तथा छठा हर स्थिति में अपने सिद्धांतों पर अडिग रहना है।

### निबंध लेखन स्पर्धा में पिंकी ने मारी बाजी

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एमएल खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए एनएसएस इकाई द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने सभी का धन्यवाद करते हुए एनएसएस द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यक्रमों बारे बताया। कुलपति ने एनएसएस इकाई द्वारा युवा संवाद के तहत आयोजित की गई निबंध लेखन प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय की पिंकी, नमन व जिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### एक शाम शहीदों के नाम

डॉ. संध्या शर्मा ने बताया कि छात्र कल्याण निदेशालय के संगीत एवं नाटक कल्ब द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशांत, कनकलता, कोमल दहिया, पवन तथा मानसी सहित अनेक विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता, गीत तथा भंगड़ा की प्रस्तुतियां दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 30.3.24 | 4 | 5-8 |


# देश को विकसित बनाने में युवाओं की होगी अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

## हकृवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'युवा संवाद-इंडिया 2047' आयोजित




*मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।*

हिसार, 29 मार्च (ब्यूरो): भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी अपने स्तर पर कार्य करें और खुद को व परिवार को सक्षम बनाए। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'युवा संवाद-इंडिया 2047' को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के लिए 5 चरण भी बताए जिनमें विकसित भारत का लक्ष्य एवं संकल्प रखते हुए कार्य करें, दास्ता के सभी निशान मिटाएं, विरासत पर गर्व करें, आपस में एकता व भाईचारे को बढ़ाएं तथा प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का बोध होना भी चाहिए ताकि हम समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेवारियों से भी अवगत करवाया।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच के साथ सतत प्रयास करने होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए छह सूत्र भी बताए, जिनमें पहला खुद के लक्ष्य के प्रति एकाग्र होना, दूसरा स्वीकार करना, तीसरा कर्तव्यनिष्ठता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करना, चौथा अपने उद्देश्यों को निर्धारित करके उस पर कार्य करना, पांचवां अपने नैतिक कर्तव्यों का बोध होना तथा छठा हर स्थिति में अपने सिद्धांतों पर अडिग रहना है।

छात्र कल्याण निदेशक डा. एम.एल. खिचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए एन.एस.एस. इकाई द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने एन.एस.एस. द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यक्रमों बारे बताया। कुलपति ने एन.एस.एस. इकाई द्वारा युवा संवाद के तहत आयोजित की गई निबंध लेखन प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय की पिंकी, नमन व जिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डा. संध्या शर्मा ने बताया कि छात्र कल्याण निदेशालय के संगीत एवं नाटक कल्ब द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशांत, कनकलता, कोमल दहिया, पवन तथा मानसी सहित अनेक विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता, गीत तथा भंगड़ा की प्रस्तुतियां दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 30.3.24 | 7 | 1-5 |

# देश को विकसित बनाने में युवाओं की होगी अहम भूमिका : प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार, 29 मार्च (विरेन्द्र वर्मा): भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी अपने स्तर पर कार्य करें और खुद को व परिवार को सक्षम बनाए। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'युवा संवाद-इंडिया 2047' को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के लिए 5 चरण भी बताए जिनमें विकसित भारत का लक्ष्य एवं संकल्प रखते हुए कार्य करें, दास्ता के सभी निशान मिटाएं, विरासत पर गर्व करें, आपस में एकता व भाईचारे को बढ़ाएं तथा प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करे शामिल हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपना भविष्य उज्जवल बनाने तथा प्रत्येक प्लेटफार्म पर अग्रणी स्थान हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इसके साथ-साथ निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुशासन एवं समय का सदुपयोग भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का बोध होना भी चाहिए ताकि हम समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेवारियों से भी अवगत करवाया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में आगे बढने के लिए सकारात्मक सोच के साथ संतत प्रयास करने होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए छह सूत्र भी बताए, जिनमें पहला खुद के लक्ष्य के प्रति एकाग्र होना, दूसरा स्वीकार करना, तीसरा कर्तव्यनिष्ठता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करना, चौथा अपने उद्देश्यों को निर्धारित करके उस पर कार्य करना, पांचवा अपने नैतिक कर्तव्यों का बोध होना तथा छठा हर स्थिति में अपने सिद्धांतों पर अडिग रहना है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खिच्चड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए एनएसएस इकाई द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने सभी का धन्यवाद करते हुए एनएसएस द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यक्रमों बारे बताया। कुलपति ने एनएसएस इकाई द्वारा युवा संवाद के तहत आयोजित की गई निबंध लेखन प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय की पिंकी, नमन व जिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. संध्या शर्मा ने बताया कि छात्र कल्याण निदेशालय के संगीत एवं नाटक कल्ब द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशांत, कनकलता, कोमल दहिया, पवन तथा मानसी सहित अनेक विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता, गीत तथा भंगड़ा की प्रस्तुतियां दी।



मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल न्यूज | 29.03.2024 | -- | -- |


# हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 1984 बैच की पूर्व छात्राओं के लिए समारोह का आयोजन

महेंद्र गोयल

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआउट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते हैं तथा उनके अनुभव से उद्यमिता की भी प्रेरणा मिलती है। पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय में अध्ययनरत विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उचित समय पर सही मार्गदर्शन मिल जाए तो निश्चित तौर पर वे अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में बेहतर कार्य करके अपने परिवार एवं हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं। छात्राओं की प्रतिभा, अनुभव, अनुशासन एवं आत्मविश्वास जैसे गुणों की बदौलत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय



स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभी कोर्सों का ब्यौरा बताते हुए कहा कि यहां पर छात्राओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान, परिधान व पालन पोषण संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि वे अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और देश की महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, खेलकूद, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने महिलाओं की हर क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी को नारी सशक्तिकरण की अहम मिसाल बताया कि वे आज पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

उपरांत महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में 1984 बैच की अनेक छात्राओं ने भाग लिया व छात्राओं को अपने अनुभव से प्रेरित करते हुए उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया। मिलन समारोह में हाथ से निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे वस्त्रों व खाने पीने की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि एवं पूर्व छात्राओं ने विशेष रूचि दिखाई। समारोह में सेल्फी पॉइन्ट भी आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। मंच का संचालन छात्रा साक्षी मलिक ने किया। पूर्व छात्रा व उद्यमी अनीता फोगाट ने अपने अनुभवों को कविता के रूप में सुनाया। पूर्व छात्रा सिमी मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 29.03.2024 | -- | -- |

# हकृवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 'युवा संवाद-इंडिया 2047' का आयोजन

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी अपने स्तर पर कार्य करें और खुद को व परिवार को सक्षम बनाए। ये विचार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे कार्यक्रम 'युवा संवाद-इंडिया 2047' को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के लिए 5 चरण भी बताए जिनमें विकसित भारत का लक्ष्य एवं संकल्प रखते हुए कार्य करें, दास्ता के सभी निशान मिटाएं, विरासत पर गर्व करें, आपस में एकता व भाईचारे को बढ़ाएं तथा प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य का पालन करे शामिल हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपना भविष्य उज्जवल बनाने तथा प्रत्येक प्लेटफार्म पर अग्रणी स्थान हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इसके साथ-साथ निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुशासन एवं समय का सदुपयोग भी अनिवार्य है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच के साथ सतत प्रयास करने होंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खिच्चड़ ने एनएसएस इकाई द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने एनएसएस द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यक्रमों बारे बताया।

कुलपति ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय की पिंकी, नमन व जिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह भेंट

कर सम्मानित किया। डॉ. संध्या शर्मा ने बताया कि छात्र कल्याण निदेशालय के संगीत एवं नाटक कल्ब द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 29.03.2024 | -- | -- |

# देश को विकसित बनाने में युवाओं की होगी अहम भूमिका : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'युवा संवाद-इंडिया 2047' आयोजित



**चिराग टाइम्स न्यूज**

हिसार: भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी अपने स्तर पर कार्य करें और खुद को व परिवार को सक्षम बनाए। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे छात्र कल्याण निदेशालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'युवा संवाद-इंडिया 2047' को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। इसके साथ-साथ निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुशासन एवं समय का सदुपयोग भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का बोध होना भी चाहिए ताकि हम समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने युवाओं को समाज एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेवारियों से भी अवगत करवाया।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. पाहुजा ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक सोच के साथ सतत प्रयास करने होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए छह सूत्र भी बताए, जिनमें पहला खुद के लक्ष्य के प्रति एकाग्र होना, दूसरा स्वीकार करना, तीसरा कर्तव्यनिष्ठता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करना, चौथा अपने उद्देश्यों को निर्धारित करके उस पर कार्य करना, पांचवा अपने नैतिक कर्तव्यों का बोध होना तथा छठा हर स्थिति में अपने सिद्धांतों पर अडिग रहना है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खिच्चड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए एनएसएस इकाई द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने सभी का धन्यवाद करते हुए एनएसएस द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यक्रमों बारे बताया। कुलपति ने एनएसएस इकाई द्वारा युवा संवाद के तहत आयोजित की गई निबंध लेखन प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय की पिंकी, नमन व जिया को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**एक शाम शहीदों के नाम**

डॉ. संध्या शर्मा ने बताया कि छात्र कल्याण निदेशालय के संगीत एवं नाटक क्लब द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशांत, कनकलता, कोमल दहिया, पवन तथा मानसी सहित अनेक विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता, गीत तथा भंगड़ा की प्रस्तुतियां दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक चेतना | 29.03.2024 | -- | -- |


## हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 1984 बैच की पूर्व छात्राओं के लिए समारोह का आयोजन

हिसार, चेतना संवाददाता। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से 1984 में पासआउट बैच की छात्राओं के लिए पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने में पूर्व विद्यार्थियों व शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पूर्व विद्यार्थी किसी भी संस्थान की ब्रांड वैल्यू होते है तथा उनके अनुभव से उद्यमिता की भी प्रेरणा मिलती है। पूर्व छात्राओं के पास प्रतिभा, अनुभव व कौशल होता है जिसकी मदद से वर्तमान समय में अध्ययनरत विद्यार्थी अपनी प्रतिभा में और अधिक निखार ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उचित समय पर सही मार्गदर्शक मिल जाए तो निश्चित तौर पर वे अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। महाविद्यालय की अनेक छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विदेशों की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में बेहतर कार्य करके अपने परिवार एवं हकृवि का नाम रोशन कर रही हैं। छात्राओं की प्रतिभा, अनुभव, अनुशासन एवं आत्मविश्वास जैसे गुणों की बदौलत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभी कोर्सों को अच्छा बताते हुए कहा कि यहां पर छात्राओं को स्वास्थ्य, शिक्षा, खान-पान,



परिधान व पालन पोषण संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि वे अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और देश की महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, खेलकूद, सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने महिलाओं की हर क्षेत्र में बढ़ती भागीदारी को नारी शक्तिकरण की अहम मिसाल बताया कि वे आज पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। उपरोक्त महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस मिलन समारोह में विभिन्न स्थानों से आई पूर्व छात्राओं ने अपने विचार रखकर अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में 1984 बैच की अनेक छात्राओं ने भाग लिया व छात्राओं को अपने अनुभव से प्रेरित करते हुए उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के यादगार पलों को भी ताजा किया। मिलन समारोह में हाथ से निर्मित विभिन्न उत्पादों जैसे वस्त्रों व खाने पीने की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि एवं पूर्व छात्राओं ने विशेष रूचि दिखाई। समारोह में सेल्फी पॉइन्ट भी आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। मंच का संचालन छात्रा साक्षी मलिक ने किया। पूर्व छात्रा व उद्यमी अनीता फोगाट ने अपने अनुभवों को कविता के रूप में सुनाया। पूर्व छात्रा सिमी मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।